# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–09 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

वाराणसी के अंतरराष्ट्रीय रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से आज नौवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नौवां राष्ट्रीय पोषण माह स्वस्थ और सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर मां के स्वास्थ्य, हर बच्चे के पोषण और हर परिवार की खुशहाली से जुड़ा है।

अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से गरीबों, बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

**हमने पिछले नौ साढ़े नौ वर्षों में 70 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केद्रों को एक नया स्वरूप दिया है और हमने प्रायोरिटी दी है इसमें राज्य वित्त आयोग हो, केंद्रीय वित्त आयोग का हो या राज्य के स्वयं का अपने बजट का पैसा हो आंगनबाड़ी केंद्र उसके टॉप प्रायोरिटी होनी चाहिए इसके निर्माण में। वहां पर बच्चों के लिए टॉयलेट की, शुद्ध पेय जल की ये इसकी प्रयोरिटी का हिस्सा है। आज यहां पर बाल वाटिकाएं चलती हैं, खेल–खेल में कैसे अक्सर ज्ञान और कैसे अंकों का ज्ञान बच्चे वहां प्राप्त करते हैं।**

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर पोषण मेले का भी आयोजन किया गया।

**शुभारंभ कार्यक्रम में पोषण मेले का आयोजन हुआ और लाभार्थियों के अनुभवों पर आधारित वीडियो प्रदर्शन के साथ ही केंद्रीय मंत्री और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीच संवाद भी हुआ। कार्यक्रम में इसके अतिरिक्त देश भर से आई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से किए गए कार्यों के आधार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीडबैक भी लिया और इसको कैसे बेहतर किया जा सकता है, इस पर सुझाव भी लिए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले में लगाए गए स्टॉलों पर गए और वहां लगे उत्पाद भी देखे। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

इस वर्ष पोषण माह का विषय है–हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में आयोजित कामकाजी महिला सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही स्नातक अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के साथ जोड़ने जा रही है।

**हमने बेटियों और युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन भी देने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया। और अभी मुझे बताते हुए प्रसन्नता है, बहुत शीघ्र स्नातक फाइनल ईयर की बालिकाओं को, 50 हजार मेधावी बेटियों को, हम झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के नाम पे स्कूटी योजना के साथ जोड़ने जा रहे हैं।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उनके जन्मदिन पर 17 सितंबर से एक महीने का सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगी। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 अक्टूबर को जनसेवा के 25 वर्ष पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन वर्षों में 'जनसेवा से राष्ट्रसेवा' के मंत्र के साथ सेवा की यात्रा को लगातार आगे बढ़ाया है। उनके नेतृत्व में देश की प्रगति केवल विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और विरासत भी मजबूत हुई है।

**माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम कह सकते हैं कि केवल विकास ही नहीं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के भी जड़ों को मजबूत किया गया। आज हम भव्य राम मंदिर की बात करते हैं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की बात करते हैं, सोमनाथ की बात करते हैं, महाकाल कॉरिडोर की बात करते हैं तो हम कह सकते हैं कि देश के सांस्कृतिक धरोहर को पूरी तरह से सृजित और विकसित करने में उन्होंने पहल किया।**

**********

प्रदेश में रूक रूक कर हो रही बारिश और प्रमुख नदियों में बैराजों से पानी छोड़े जाने की वजह से करीब दो दर्जन से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में हैं। एक रिपोर्ट–

बहराइच में घाघरा नदी और अयोध्या में सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कानपुर में गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ा है। सीतापुर और फर्रूखाबाद में भी बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित है। प्रशासन ने बाढ़ और जलभराव वाले इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से मौसम विभाग की ओर से जारी दिशा–निर्देशों के पालन की अपील की है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक प्रदेश भर में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।

**********

प्रदेश भर में 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज चित्रकूट जिले में एक जन जागरूकता रैली निकाली गई।

**********